तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 दिसंबर 2025

12 हिंदू सम्मेलन के आयोजन में हाराडुला के आठ परिवारों की घर ...



11 श्रद्धा, विश्वास और आचरण के बिना ईश्वर का दर्शन ...





## खबर संक्षेप

### ग्राम अलोरी में आज देव मड़ई महोत्सव

**गुरूर।** ग्राम अलोरी में देव मड़ई महोत्सव का आयोजन 30 दिसंबर को किया गया है। डोमेन्द्र भास्कर एवं मनीराम सेवता ने बताया कि रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी महतारी के आंसू का कार्यक्रम रखा गया है।

### भैसमुड़ी में आज डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता

**गुरूर।** शक्ति कबड्डी दल एवं समस्त ग्रामवासी भैसमुडी के तत्वाधान में 30 दिसम्बर को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष सीताराम नेताम ने बताया कि प्रथम पुरुस्कार 8026 रुपये, द्वितीय 5026 रुपये, तृतीय 3026 रुपये एवं चतुर्थ 2026 रुपये है। अन्य आकर्षक पुरुस्कार अलग अलग रखी गई है।

### कबड्डी प्रतियोगिता एवं मड़ई का भव्य शुरुआत



**अंडा।** ग्राम पंचायत गोरकापार में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता एवं मेला मड़ई का उद्घाटन ओटेबन्द मंडल के अध्यक्ष कुलदीप साहू, मंडल के महामंत्री तुलेश्वर चन्द्राकर, युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, पांगरी के सरपंच प्रमोद पटेल, सेवा सहकारी समिति गोरकापार के पूर्व अध्यक्ष विनोद चन्द्राकर, ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष दाउ सुनील चंद्राकर के आथित्य में सम्पन्न हुआ, इस अवसर पर मुख्यातिथि कुलदीप साहू ने कहा कि ग्राम गोरकापार में प्रथम बार कबड्डी व मेला मंडई का आयोजन ग्राम की एकरूपता को दर्शाता है आप सब सदैव इस एकता को बरकरार रखते हुवे ग्राम विकाश में अपनी सहभागिता प्रदान करे, कबड्डी का शुभारंभ फीता काटकर किया गया इस अवसर पर मंजू चन्द्राकर, उपसरपंच टोमन चन्द्राकर, पोषण लाल, मेघास्याम चन्द्राकर व आयोजन समिति के पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे के बाद हुई मारपीट, दो घायल

**बालोद।** घर के बाहर रखे मोटर साइकिल को मार्ग से आ रहे दुसरे मोटर साइकिल चालक ने ठोकर मार दिया, जिसका विरोध करने पर चालक द्वारा मारपीट गाली गलौज कर दिया गया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।
ग्राम रजोली वार्ड नंबर 13 भाठापारा थाना रनचिरई निवासी जय प्रकाश साहू पिता दीन दयाल साहू 25 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 23 दिसंबर के रात 08:30 बजे मैं अपने घर में था, उसी समय मेरे घर के बाहर रोड में खडी मेरी मोटर साइकिल सीजी 24 यू 2032 को किसी मोटर साइकिल द्वारा ठोकर मारने पर गाडी के गिरने की आवाज आने पर घर से बाहर निकल कर देखा तो मेरे गांव का जितेन्द्र साहू व उसके पीछे मोटर साइकिल में बैठा लडका रूपेश साहू अपनी मोटर साइकिल से ठोकर मारकर गिरा दिये थे, तब मैं बोला तुम लोग देख के मोटर सायकल नही चलाते हो, मेरी मोटर सायकल को ठोंक दिये हो, तब जितेन्द्र साहू गाली दिने लगा, तब मैने उसे गाली देने से मना किया तो वह मुझे गालियां देते हुए मेरा कालर पकड कर मुझे हाथ मुक्के से मारने लगा तथा उसके साथ रूपेश साहू भी मुझे हाथ मुक्के से मारपीट करने लगा, झगडा मारपीट होता देख मेरे बडे पिता का लडका लोकेश्वर साहू आकर बीच बचाव करने लगा तो वे दोनों उसके साथ भी मारपीट किए। मारपीट से मुझे आंख के बगल, बांया तरफ नाक के पास चोट आया है तथा मेरे बडे पिता के लडके लोकेश्वर ▶▶| शेष पेज 10


# यूरोप व अफ्रीका के प्रवासी पक्षियों से गुलजार हुआ खरखरा जलाशय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सर्दियों की दस्तक के साथ ही विकासखंड स्थित खरखरा जलाशय इन दिनों प्रवासी पक्षियों से गुलजार हो उठा है। करीब 8000 किलोमीटर का लंबा सफर तय कर यूरोप और अफ्रीका के विभिन्न देशों से आए रेड क्रिस्टेड पोचार्ड, लेसर व्हिस्लिंग डक सहित कई दुर्लभ प्रवासी पक्षियों ने यहां डेरा डाल लिया है। जलाशय, आसपास के तालाबों और जंगलों में इन विदेशी मेहमानों की चहचहाहट से क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और भी बढ़ गई है। हर वर्ष की तरह इस बार भी उत्तरी देशों में कड़ाके की ठंड और बर्फबारी शुरू होते ही भारत प्रवासी पक्षियों के लिए सुरक्षित और अनुकूल ठिकाना बन गया है। भोजन की प्रचुरता, अनुकूल तापमान और शांत वातावरण के कारण ये पक्षी हजारों किलोमीटर का कठिन सफर तय कर सर्दियों का मौसम यहीं बिताने आते हैं। यह प्रवासन केवल मौसम परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रकृति के संतुलन और जैव विविधता को बनाए रखने की महत्वपूर्ण कड़ी भी है।


डौंडीलोहारा विकासखंड में पदस्थ सहकारिता विस्तार अधिकारी एवं पक्षी प्रेमी सोमेंद्र कुमार साहू ने रविवार को पक्षी अवलोकन के दौरान विकासखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम घोरदा के समीप स्थित खरखरा जलाशय में इन प्रवासी पक्षियों को ▶▶| शेष पेज 10 पर

### जैव विविधता बना आकर्षक केंद्र



#### शिकारी है सक्रिय

प्रवासी पक्षियों के आगमन के साथ ही पक्षी तस्करों और स्थानीय शिकारियों की गतिविधियां भी बढ़ने लगती हैं। ऐसे में आवश्यक है कि वन विभाग द्वारा कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इन दुर्लभ पक्षियों का संरक्षण हो सके। यदि समुचित सुरक्षा और संरक्षण मिला तो आने वाले समय में विश्व के पक्षी फ्लाइवे मानचित्र पर बालोद जिले का नाम भी प्रमुखता से दर्ज हो सकता है।



**विरोध :** केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# भाजपा सरकार के खिलाफ झलमला युकां ने दिया धरना, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला युवा कांग्रेस के नेतृत्व में भाजपा सरकार की कुशासन के खिलाफ जनता को हो रही समस्याओं को लेकर ग्राम झलमला मे एनएच–930 तिराहे पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सांकेतिक सड़क जाम किया गया।

इस दिवसीय धरना प्रदर्शन और सांकेतिक सड़क जाम में जिला कांग्रेस कमेटी भी शामिल रही। धरना प्रदर्शन में केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ विभिन्न मुद्दों को लेकर हल्ला बोला गया। वही राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से अरावली पर्वत को बचाने के लिए एवं उसके निजीकरण के विरोध किया गया है। छत्तीसगढ़ के जल, जंगल, जमीन को बचाने, किसानों की धान खरीदी में हो रही समस्या एवं समर्थन मूल्य बोनस एक साथ देने, उन्नाव रेप केस में आरोपी कुलदीप सिंगर की जमानत याचिका खारिज करने एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने, बालोद जिले में हो रहे डीएमएफ फंड का दुरुपयोग की जांच, जगतरा संग्रहण और धोबनपुरी संग्रहण केंद्र में करोड़ों रुपये का धान शार्टेज के मामले में तात्कालिक डीएमओ पर भी एफआईआर करने और मालीघोरी व फुण्डाभाठा केंद्र में भी शार्टेज की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने, नियमों के विरुद्ध और बिना टेंडर हो रहे कार्य की जांच कर कार्यवाही की मांग ज्ञापन मे की गई।



उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से इन सभी मांगों पर जल्द निर्णय लेकर कार्यवाही की मांग की है, कार्यवाही नही होने पर भविष्य में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा धान खरीदी कार्य में भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है, डीएमएफ की राशि में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। वही उन्होने आरोप लगाते हुए कहा को धान संग्रहण केंद्र धोबनपुरी और जगतरा में धान शार्टेज मामले में छोटे कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज किया गया, लेकिन विभाग के ऐसे कई अधिकारी है, जिन्हें बचाया जा रहा है, जिसमें सूक्ष्मता से जांच की जाए। प्रशांत बोकड़े ने आरोप लगाया कि देश के जो दो नेता है, वो उद्योगपतियों को देश बेचना चाह रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### ये रहे मौजूद

इस धरना व सांकेतिक सड़कजाम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, कृष्णा दुबे, विकास चोपड़ा, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बाला बोकड़े, ब्लॉक महिला कांग्रेस कमेटी बालोद अध्यक्ष लता कोर्राम, रत्तीराम कोसमा, आदित्य दुबे, संदीप साहू, सुमित शर्मा, कसिमुद्दीन कुरैशी, रीता सोनी, दाऊद खान, वैभव साहू, जागृत सोनकर, पद्मिनी नन्नू साहू, अनिल यादव, साजन पटेल, रवि प्रकाश यादव, शंभु साहू, किशोर साहू, शादिक अली, अनिल सुथार, मतीन शेख, उमा पटेल, संजय बारले सहित जिला कांग्रेस कमेटी, जिला युवा कांग्रेस तथा ब्लॉक कांग्रेस के तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गुण्डरदेही-अर्जुन्दा में पेड़ों की अवैध कटाई, तस्कर है सक्रिय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

खेतों मे धान कटाई होने के बाद पूरे क्षेत्र में प्रतिबंधित लकड़ी कटाई शुरु हो गई है, लकड़ी ठेकेदार गांव–गांव मे भोले भाले किसानों को अपनी जाल मे फंसाकर प्रतिबंधित कहुआ व अन्य पेड़ो को आधाधुंध काट कर मेटाडोर व टैक्टर के सहारे स्थानीय आरा मिल मे खपा रहे है, शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी चुपचाप बैठे हुए है।

अवैध कारोबार का सिलसिला शिकायतों के बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। लकड़ी तस्करों के फैले मजबूत नेटवर्क से पूरे क्षेत्र में हरे भरे पेड़ों को काटकर उजाड़ किया जा रहा है। गुण्डरदेही व अर्जुन्दा क्षेत्र के गांव में हरे भरे वृक्षों की बेतहाशा कटाई कर मुख्य मार्ग से अधिकारियों के नाक के नीचे खुलेआम स्थानीय आरा मील एवं शहरों की ओर तस्करी कर परिवहन किया जा रहा है, परंतु वन विभाग ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### लिखित शिकायत की

दस दिन पहले मेरे द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध लकड़ी कटाई को लेकर एसडीएम वन विभाग व पुलिस प्रशासन को लिखित शिकायत किया गया था लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नही हुई। अश्वनी कटहरे सभापति वन विभाग जपं गुण्डरदेही।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन अवकाश लेकर तीन दिवसीय आंदोलन पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

वर्ष 2025 की विदाई छत्तीसगढ़ के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारियों के तीन दिवसीय निश्चितकालीन आंदोलन के साथ होगी। छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर जिले के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी आज से 31 दिसंबर तक अवकाश लेकर बालोद बस स्टैंड में धरना–प्रदर्शन करेंगे।

- लंबे समय से लंबित 11 सूत्री मांगें प्रमुख मुद्दा

जिला संयोजक लोकेश कुमार साहू ने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता, वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स राशि का ळच्थ् खाते में समायोजित किया जाना, चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करना, वेतन विसंगतियों के निराकरण हेतु पिंगुवा कमिटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करना, दैनिक अनियमित एवं नियमित कर्मचारियों के वेतन संबंधी प्रकरण, नगर निगम कर्मचारियों की मांगें, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण, कैशलेस चिकित्सा सुविधा सहित कुल 11 सूत्री मांगें विगत कई वर्षों से लंबित हैं। संघ ने कहा इन मांगों के संबंध में पूर्व में मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन सौंपने के पश्चात एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन एवं रैली के माध्यम से शासन के समक्ष मांगों को रखा गया था, किंतु शासन स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं होने के कारण आंदोलन के तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश ▶▶| शेष पेज 10 पर



# तेज रफ्तार ट्रक ने मचाया कोहराम: बाल-बाल बचे पांच बच्चे शहर की बिजली गुल, आक्रोशित लोगों का चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

डौंडी नगर के मेन रोड पर सोमवार को एक तेज रफ्तार 12-चक्का ट्रक ने भारी हादसे को जन्म दिया। ट्रक माइंस से आयरन ओर लेकर आ रहा था और तेज गति के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर तिरछी मुड़ गया। हादसे में ट्रक ने बिजली के खंभे तोड़ दिए और आसपास के तीन-चार खंभों की तारें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे नगर में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। घटना के समय खंभों के पास पांच बच्चे खेल रहे थे। बच्चे ट्रक को अपनी ओर आता देखकर भाग निकले, अन्यथा बड़ा हादसा होने की संभावना थी।

- तहसीलदार का हस्तक्षेप और स्थिति नियंत्रण





स्थानीय लोगों का कहना है कि माइंस से आयरन ओर ढोने वाली ट्रकें नगर के भीतर बेलगाम दौड़ रही हैं, लेकिन प्रशासन और परिवहन विभाग इस पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा है।

#### बिजली विभाग ने तुरंत किया काम

बिजली विभाग के अफसर विशाल सिंह और उनकी टीम मौके पर तुरंत पहुँचकर शाम तक नया खंभा लगाकर लाइन चालू कर दी। नगर वाशियों ने बिजली विभाग की तत्परता की सराहना की। हादसे के बाद गुस्साए मोहल्लेवासियों ने लगभग एक घंटे तक चक्काजाम कर दिया, जिससे सड़क पर लंबी वाहनों की कतारें लग गईं। नागरिकों ने मुख्य मार्ग पर ब्रेकर और डिवाइडर निर्माण की तत्काल मांग की। तहसीलदार देवेंद्र नेताम मौके पर पहुंचे और लोगों से बातचीत कर स्थिति को संभाला। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग से ब्रेकर निर्माण और कवर्धा-सुकमा मार्ग पर डिवाइडर निर्माण की जानकारी दी। मोहल्लेवासियों ने विशेष रूप से शनिवार बाजार के दिन ट्रकों ▶▶| शेष पेज 10पर

**सियादेही मंदिर की रौनक में बढ़ी, पर्यटन को मिलेगा नया आयाम**

# नए साल में जिले में खुलेगा सियादेही जलाशय का एडवेंचर और राफ्टिंग सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला में नए साल मे एक नए प्राकृतिक पर्यटन केन्द्र का आकर्शण मिलने वाला है। जिला के प्रसिद्ध सियादेही मंदिर के पास स्थित सियादेही जलाशय मे एडवेंचर और राफ्टिंग सेंटर स्थापित करने जा रही है, जिसके नए साल मे आरंभ होने की संभावना है। इससे प्रसिद्ध सियादेही मंदिर की रौनक और बढ़ जाएगी।

- जिला प्रशासन की पहल से इको–टूरिज्म को मिलेगा प्रोत्साहन

जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से बालोद जिले के मनोरम प्राकृतिक वादियों को इको–टूरिज्म केन्द्र के रूप में स्थापित करने का सपना शीघ्र साकार होने वाला है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिले में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के नारागांव स्थित सिया देवी मंदिर के समीप मनोरम झील पर एडवेंचर और राफ्टिंग सेंटर स्थापित की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य सतत पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना है।





नारागांव स्थित एडवेंचर और राफ्टिंग सेंटर में स्थानीय सामग्री एवं पारंपरिक कौशल से तैयार बाँस की राफ्ट उपलब्ध होंगी जिनका सफल परीक्षण भी किया जा चुका है। पर्यटक यहाँ राफ्टिंग, कैंपिंग, बोनफायर और स्थानीय व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे।

इसके अलावा भविष्य में ईको–कॉटेज और सूर्योदय–सूर्यास्त व्यू प्वाइंट भी विकसित किए जाएंगे, जिससे पर्यटकों को प्रकृति के बीच एक संपूर्ण आनंद का अनुभव मिलेगा। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने इको टूरिज्म स्थल का निरीक्षण कर परियोजना को अंतिम स्वीकृति दी है। नारागांव स्थित एडवेंचर और राफ्टिंग सेंटर नए वर्ष से शुरू की जाएगी। इस तरह जिले में यह प्रयास इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने एवं स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# कलेक्टर कक्ष में दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को प्रदान किए गए विशेष मोबाइल सेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं नगर पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष प्रमोद जैन तथा पूर्व विधायक राजेन्द्र राय द्वारा कलेक्टर कक्ष में दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को मोबाईल सेट प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को आज प्रदान किए गए इस मोबाईल सेट में विशेष एप्प डाउनलोड होने के कारण दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के मोबाईल को स्पर्श करने के बाद सांकेतिक भाषा के रूप में आवाज आने लगेगी। इसके पश्चात आवाज को पहचान कर दृष्टिबाधित दिव्यांगजन अपने ईच्छानुसार इस मोबाईल को ऑपरेट कर सकेंगे। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम सहित दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के विशेष आवासीय केन्द्र कचांदुर के दिव्यांगजन सहित अन्य दिव्यांगजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### रोजगार गारंटी योजना बदहाल : टिकेश्वरी लाल



**अंडा।** छत्तीसगढ़ में रोजगार गारंटी योजना की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। दुर्ग जनपद के पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख ने सरकार पर ग्रामीणों को रोजगार देने में असफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार कानून का पालन नहीं कर पा रही है और नाम परिवर्तन कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासनकाल में रोजगार गारंटी योजना के तहत जल संरक्षण एवं सर्वांगीण विकास के लिए डबरी, नाले, स्टॉप डेम, तालाब निर्माण, भूमि समतलीकरण, पशु शेड, स्कूल समतलीकरण, आहटा, शौचालय, पचरीकरण सहित अनेक कार्य कराए गए थे। पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण और गौधन संरक्षण के लिए गौठानों का निर्माण भी हुआ था। देशमुख ने कहा कि वर्तमान सरकार रोजगार गारंटी योजना के तहत कोई ठोस कार्य नहीं कर पा रही है। सरोवर योजना के अंतर्गत चिन्हांकित तालाबों की हालत खराब है और जल संरक्षण व पेयजल के प्रति सरकार गंभीर नहीं है। मनरेगा से बने सार्वजनिक शौचालय भी बदहाल हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मजदूरों को काम और मजदूरी नहीं दी गई तो गांव-गांव आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सरकार से नाम बदलने के बजाय काम पर ध्यान देने की अपील की।

### धान की जगह मक्का की खेती, जल संरक्षण की दिशा में किसानों का प्रयास

**डोंडी।** विकासखंड डौंडी के सुदूर में बसा वनांचल ग्राम मंगलतराई में जहां किसानों के पास नलकूप की सुविधाएं हैं वहां इस वर्ष शासन के मंशानुरूप ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल के रूप में मक्का की खेती का मन बना लिया है। ग्राम मंगलतराई में जिला कलेक्टर के अपील, कृषि विभाग की कृषक प्रशिक्षणों के माध्यम से तथा चौपाल के माध्यम से कृषकों में ग्रीष्मकालीन धान के बदले मक्का लगाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष लगभग 35 हे. में मक्का की फसल लग चुका है तथा लगभग 15 से 20 हे. में और लगने की तैयारियां चल रही है। ग्राम मंगलतराई के किसानों द्वारा वर्तमान परिदृश्य में जल संकट को देखते हुए अच्छा प्रयास किया जा रहा है। क्योंकि धान की फसल में प्रति इकाई बहुत ज्यादा पानी लगता है। जिससे भूमिगत जल का स्तर दिनोदिन कम होते जा रहा है। जबकि उससे कम पानी में अन्य फसल ज्यादा रकबे में ली जा सकती है।

### सड़क नव निर्माण का महापौर ने भूमिपूजन कर निर्माण कराया शुरू

**दुर्ग।** महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर के साथ वार्ड 15 में नाला से लेकर एप्रोज रोड तक चल रहे सड़क डामरीकरण कार्य का पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ कराया। लागत 30.54 लाख से डामरीकरण सड़क नव निर्माण कर किया जा रहा है।

## कलेक्टर मिश्रा ने जिले के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की

# नीर चेतना अभियान के तहत बालोद के तांदुला नदी में वृहद श्रमदान कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के प्रमुख एवं जीवनदायिनी तांदुला नदी को सहजने एवं संवारने तथा इसके पुराने वैभव एवं स्वच्छता के साथ इसका पुनरूद्धार करने हेतु 31 दिसंबर को श्रमदान के माध्यम से नीर चेतना अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

■ वृक्षारोपण और रेनवाटर हार्वेस्टिंग जैसे उपायों पर जोर

कलेक्टर मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय में आज जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर 31 दिसंबर को सुबह 08 बजे नीर चेतना अभियान के अंतर्गत आयोजित वृहद श्रमदान अभियान के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

मिश्रा ने समाज के सभी वर्ग से जीवनदायिनी तांदुला नदी के पुनरूद्धार एवं जिले में जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस नीर चेतना अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु 31 दिसंबर को सुबह 08 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर तांदुला नदी के पुल के नीचे, निषाद सामुदायिक भवन के पास उपस्थित होकर श्रमदान के




इस पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका परिषद बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को नीर चेतना अभियान के अंतर्गत 31 दिसंबर को आयोजित इस वृहद श्रमदान अभियान को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने कहा कि पूरे देश एवं प्रदेश की भाँति बालोद जिले में भी तेजी से घटते भूजल स्तर एवं भविष्य में भयावह जल संकट से निपटने हेतु जिला प्रशासन के इस महत्वपूर्ण अभियान में जिले वासियों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से जिले में वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत 20 जुलाई को 01 लाख 74 हजार पौधरोपण किया गया है। मिश्रा ने कहा ग्रीष्मकाल के दौरान घटते भूजल स्तर की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण एवं जल संरक्षण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने हेतु शासन–प्रशासन के साथ–साथ जिले के जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की सक्रिय सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। मिश्रा ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सामजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को जल तथा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जिले में चलाए जा रहे इस महत्वपूर्ण अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने को कहा। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिया।

बैठक में नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने नगर पालिका परिषद बालोद द्वारा स्वच्छता अभियान के साथ–साथ जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने संपूर्ण जिलेवासियों को इस लोक कल्याणकारी कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित सभी आवासों में अनिवार्य रूप से रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगाने के साथ सार्वजनिक नलों में टोटी लगाने की आवश्यकता बताई।

## धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में किसानों की परेशानी बढ़ी



हरिभूमि न्यूजःकुसुमकसा



कुसुमकसा के धान खरीदी केंद्र, शिकारीटोला में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का उठाव न होने और जगह की कमी के कारण खरीदी जल्द बंद हो सकती है। 15 नवंबर से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धान खरीदी शुरू हुई, लेकिन ऑनलाइन टोकन कटवाने में किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

वहीं, धान खरीदी केंद्र में सीमित लिमिट पिछले साल की तुलना में आधी कर दी गई है, जिससे किसान अपनी मेहनत की उपज बेचने के लिए भटक रहे हैं। 29 दिसंबर तक मोटा धान 14,959.60 क्विंटल, पतला धान 23,887.20 क्विंटल और सरना धान 5,227.20 क्विंटल खरीदा गया, जबकि मिलर्स द्वारा कुल 5,730 क्विंटल ही उठाया गया। वर्तमान में 38,344 क्विंटल धान खुले में रखा है, जिससे सूखने और चूहों से नुकसान का खतरा बना हुआ है। कांग्रेस शासन में निर्मित किसान कुटीर का लाभ किसानों को नहीं मिल रहा, क्योंकि समिति प्रबंधक ने इसे अपने अस्थायी निवास और कार्यालय के रूप में बदल लिया है। किसानों को बैठने, पानी और दवाई जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने प्रशासन से आग्रह किया है कि ऑनलाइन टोकन की समस्या दूर की जाए, धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जाए और खरीदी का तेजी से उठाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्याओं के समाधान में देरी होने पर किसान केंद्र के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

## जिला सहकारी बैंक गुरूर में नकद राशि के अभाव से किसान दिनभर परेशान



**गुरूर।** सोमवार को धान विक्रय का पैसा निकालने पहुंचे किसान जिला सहकारी बैंक गुरूर शाखा में दिन भर बैंक में राशि के लिए इंतजार करते रहे। बैंक में नगद राशि नही होने से बैक किसानो को भुगतान नही कर सका। देर शाम चेस्ट से राशि प्राप्त होने के बाद रात्रि तक भुगतान किया गया। सोमवार को विकासखण्ड की विभिन्न समितियो में अपना धान बेचने के बाद प्राप्त राशि को निकालने किसान गुरूर स्थित जिला सहकारी बैंक पहुंचे। जहां सुबह से ही बताया गया कि बैंक में नगद राशि नही है, राशि चेस्ट से आने के बाद भुगतान किया जाएगा। बैंक द्वारा उक्ताशय की जानकारी लगातार माईक के माध्यम से किसानो को दी जा रही थी, लेकिन बैंक राशि कब आएगी यह स्पष्ट नही कर पा रहा था। जिससे किसान दिन भर बैंक के बाहर इंतजार करते रहे।बैंक शाखा प्रबंधक सत्येन्द्र वैदे ने कहा तकनीकी खराबी के कारण चेस्ट से राशि आने में विलंब हो रहा है।

## ग्राम पंचायत तिरगा में मितानिनों का सम्मान ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान की सराहना की



**अंडा।** ग्राम पंचायत तिरगा में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली मितानिनों के सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत द्वारा मितानिनों के निस्वार्थ सेवा, समर्पण और ग्रामीण स्वास्थ्य जागरूकता में उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच घसिया राम देशमुख एवं उपसरपंच सुखित ढीमर की उपस्थिति में मितानिनों को सम्मान पत्र/शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सरपंच देशमुख ने अपने संबोधन में कहा कि मितानिनें गांव में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उपसरपंच ढीमर ने भी उनके कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पंचगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्मानित किए गए मितानिन/सहभागी जनप्रतिनिधियों में गीता देशमुख, अनिता बेलचंदन, हठियारिन ठाकुर, तेजराम यादव, चंदूलाल यादव, लता देशमुख, कविता ऋषि, जमुना निषाद, कुलेश्वरी देशमुख, गोवर्धन ढीमर, जानकी देशमुख, शिवप्रसाद देशमुख, टिकेश्वर दिल्लीवार, डीलेश्वरी देशमुख, रेखा ठाकुर, खेमीन देशमुख एवं कंचन देशमुख शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनों ने मितानिनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और गांव को स्वस्थ व जागरूक बनाने के संकल्प को दोहराया।

## ग्राम धनोरा में धनोरा व सोरर मंडल का विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ हजारों ग्रामीणों ने भाग लेकर सम्मेलन को सफल बनाया

■ लश शोभा यात्रा ग्राम में भ्रमण कर सम्मेलन स्थल पहुंची



ग्राम धनोरा में धनोरा मंडल व सोरर मंडल का विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दू संगठन के सदस्यो के साथ ग्रामीण महिलाएं, पुरूश, बच्चे बड़ी संख्या में सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे। कार्यक्रम ग्रामीणों के सहयोग से संपन्न किया गया।

हजारों की संख्या में विशाल हिंदू सम्मलेन में धनोरा मंडल व सोरर मंडल के 20 गांव के ग्रामीण, युवा, महिला, पीले, भगवा रंग मे पहुंच कर आयोजन को सफल किए। जिसमें सर्व समाज के प्रमुख पहुंचे, सर्व प्रथम मां भारती की सामूहिक महाआरती उतार कर भारत माता के जय घोष के साथ कलश शोभा यात्र निकाली गई, शोभा यात्र ग्राम मे भ्रमण कर सम्मेलन सथल पहुंची। वक्ताओं ने कहा कहा हिंदुओं को बांटने का कुचक्र चल रहा है, जांत, पात, उंच, नीच के भाव पैदा कर हिन्दुओं को सुनियोजित तरीके से बांटा जा रहा है। हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहे है। हिंदू उत्थान, संपूर्ण हिंदू समाज के संगठन तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बताए गए पांच सामाजिक परिवर्तन देश के मजबूत करने व विकसित भारत निर्माण मे आधार बनेगा। लगातार धर्मांतरण कर, लव जिहाद कर हिन्दुओं की संख्या को कम करने का सडयंत्र किया जा रहा है। बांग्लादेशी घुसपैठ कर रहे, जिससे लगातार हिन्दुओं की संख्या अनुपातिक रुप से कम हो रही है। समय रहते जागे, हम अपनो से जुड़े, एकता के साथ एक संगत, एक रंगत, एक पंगत की रीति नीति से एक साथ कदम से कदम मिलकर हिन्दू अपनी शक्ति को पहचाने, हमे गौ माता, गंगा मैया, गायत्री माता, गीता की रक्षा के संकल्प के सांथ कार्य करना है। इस दौरान मुख्य वक्ता रेवादास मानिकपुरी, समाज सेवक पुनीत राम पटेल, जिला प्रचारक बालोद ललिता साहू, सह जिला कार्यवाह विनोद साहू, खण्ड कार्यवाह गुरुर सुपेश कुमार साहू, सह खंड कार्यवाह गुरुर लिकेश हिंदू, मंडल पालक डॉ लिखेश्वर साहू, खंड प्रचार प्रमुख एकनाथ सार्वा, नेतराम साहू, अभय राम साहू, मोहन कलिहारी, घना राम साहू, सुमन साहू, लक्ष्मीचंद, जागेश्वर, रोशन साहू, गिरधर पटेल, सनत साहू, पीलू राम, योगेश साहू, गणेश्वरी, चंद्रिका गंजीर, लेखराज पूरी, तानसिंह, कोमल साहू, दाऊ लाल, बुद्धेश्वर, चमन लाल अधिक संख्या में मानस जन उपस्थित थे।

## मार्ग नहीं होने से 37 किमी का चक्कर

# जिला मुख्यालय से सिर्फ 16 किलोमीटर दूरी मंगचुवा में बुनियादी सुविधा का अभाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड के वनांचल ग्राम मंगचुवा को किसी मसीहा का इंतजार है, जिला मुख्यालय बालोद से महज 16 किलो मीटर की दूरी पर बसा गांव मंगचुवा के किसी व्यक्ति को अगर जिला कार्यालय जाना है, तो उसे हितेकसा, कान्हारपुरी, गुरूर होकर लगभग 37 किलो मीटर की दूरी तय करना पड़ेगा। जबकि इस गांव से मुख्य मार्ग करकाभाठ गांव के पास मुख्य मार्ग साढ़े तीन किमी है जहां से बालोद 15 किलोमीटर है। अर्थात साढ़े तीन किमी की सड़क बन जाए तो 37 किलोमीटर के स्थान पर 18 किलोमीटर चलकर जिला मुख्यालय पहुंचा जा सकता है। लोगों की दुर्दशा यही समाप्त नहीं होती आज भी गांव पानी, बिजली और सड़क जैसे मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

■ बुनियादी सुविधाओं को तरस रहा मंगचुवा, 3.5 किमी की सड़क के लिए 37 किमी का फेरा

यह सड़क अपने जीर्णोद्धार की बांट जोह रहा है। इस मार्ग के बनने से गांव विकास की मुख्य धारा से त्वरित जुड़ जाएगा। चर्चा के दौरान गांव के लोगों ने अपनी व्यथा खुलकर कही, बताया कि करकाभाठ तक की सड़क का निर्माण गांव के जमीदार भूसाखरे जी द्वारा बनवाया गया था और इसका देख रेख भी उन्हीं के खर्चे पर होता था, लेकिन जमींदारी प्रथा समाप्त





होने के बाद आज तक इस मार्ग के लिए शासन का ध्यान कभी नहीं गया। जरूरत के समानों के लिए यह गांव कारहीभदर बाजार पर निर्भर है।

ग्राम पटेल तखत भूसाखरे ने पुष्टि किया कि मंगचुवा करकाभाट मार्ग का निर्माण से संधारण तक का कार्य हमारे पुरखों द्वारा जमींदारी काल से होते आया, लेकिन सरकार और प्रशासन ने अब तक कोई सुध नहीं ली। ग्राम पंचायत सरपंच भूपेश हिरवानी ने कहा कि मंगचुवा आश्रित गांव है, और जनता की सेवा करने का मेरा यह दूसरा अवसर है, मेरे पहले कार्यकाल में मैने मंगचुवा से करकभाट मार्ग की मांग रखी थी और इस कार्यकल में पहली प्राथमिकता है, इस सड़क के निर्माण से गांव सीधे जिला मुख्यालय से जुड़ेगा। मितानिन नीता भूसाखरे ने कहा की सड़क हमारी बुनियादी जरूरत है, विकासशील जिले में रहकर जिला बनने के बाद भी हम बीहड़ का जीवन जी रहे है।

ग्राम के वयोवृद्ध कृष्ण कुमार भूसाखरे ने कहा कि विकास की बांट जोहते उमर ढल गई, वर्तमान सरकार के एक मंत्री पूर्व उपचुनाव के समय चुनाव संचालन में हमारे घर में तीन रात्रि रुके थे, बाद में वे भी भूल गए। युवा कृषक जागेश्वर सिंह सोरी ने कहा कि सड़क, पानी, बिजली हमारी बुनियादी जरूरत है, अगर हमें इसके लिए भी हमें प्रार्थना करना पड़ेगा तो ये लोकतंत्र की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह है। गांव के वयोवृद्ध दुलार सिंह सोरी का कहना है कि अपने जीवन काल में अपने बच्चों को नया सड़क में चलते देखना सुखद अहसास होगा, मेरे गांव के बच्चे पड़ने लिखने सरलता से कम दूरी तय कर गांव से बाहर जा सकेंगे। युवा महेंद्र कोवाची ने कहा कि उम्मीद लगाए बैठे हैं कि कारकभाट से हमारे गांव तक सड़क बन जाएगा, अब अगर शासन प्रशासन नहीं सुनेगी तो सड़क की लड़ाई हेतु मजबूर होना पड़ेगा। गांव मंगचुवा की दो साल पुर्व नागरिकता लिए प्रसिद्ध नाड़ी विशेषज्ञ, समाजसेवी, गोरक्षक डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने कहा कि आश्चर्य होता है कि जिला मुख्यालय के इतने करीब होकर भी सड़क जैसी सुविधा के लिए यह आदिवासी बाहुल्य गांव तरस रहा है।

## पेज 9 के शेष

### यूरोप व अफ्रीका के ...

देखा, उन्होंने बताया कि करीब दो घंटे के अवलोकन में 25 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों को रिकार्ड किया गया, जिनमें रेड क्रिस्टेड पोचार्ड और लेसर व्हिस्लिंग डक की संख्या 500 से अधिक रही। इस अवलोकन के दौरान स्थानीय निवासी बलवीर ठाकुर भी उनके साथ उपस्थित थे। श्री साहू ने बताया कि भ्रमण के दौरान अल्ट्रामेरिन फ्लाईकैचर, ब्लैक रेड स्टॉर्क, व्हाइट आई बजर्ड, लाफिंग डव, पर्पल हेरॉन, प्लेन प्रीनिया, लिटिल रिंग प्लोवर, सनबर्ड, रेड वेंटेड बुलबुल सहित कुल 25 से अधिक पक्षी प्रजातियों को दर्ज किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि खरखरा जलाशय का यह तट प्रवासी पक्षियों के लिए अत्यंत अनुकूल है। यहां बार हेडेड गूज, नॉर्दन पिनटेल, ब्लूथ्रोट, साइबेरियन बर्ड और पेंटेड स्टॉर्क जैसे पक्षी भी देखे जा सकते हैं, जिनमें से कुछ प्रजातियां यहीं प्रजनन भी करती हैं। यह समाचार इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में बिलासपुर जिले के कोपरा जलाशय को छत्तीसगढ़ का पहला रामसर साइट घोषित किया गया है। इस दृष्टि से खरखरा जलाशय भी भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की क्षमता रखता है। श्री साहू ने बताया कि उन्होंने हाल ही में रुसे जलाशय में कॉमन क्रेन की तस्वीर भी ली है, जो अब तक छत्तीसगढ़ में केवल एक ही स्थान पर रिकार्ड हुई है।

### भाजपा सरकार के खिलाफ ...

हमारी धरोहर बेचना चाह रहे हैं। उसी तरह छत्तीसगढ़ में रामगढ़ की पहाड़ियों को बेचा जा रहा है, उन्होंने आरोप लगाया कि बिना टेंडर निकाले 12 लाख रुपये डीएमएफ फंड से स्वीकृत कर तांदुला की सफाई कराई जा रही है। और लाखो खर्च करने के बाद 31 दिसम्बर को श्रमदान अभियान चलाया जाएगा।

### गुण्डरदेही-अर्जुन्दा में ...

राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही नही किया जाना संदेहों को जन्म दे रहा है। वन विभाग राजस्व विभाग के अलावा अन्य जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों के इस तरह के रवैया के कारण खुलेआम लकड़ी के अवैध कारोबार का संचालन होना बताया जाता है, जिसके चलते पूरे क्षेत्र मे लकड़ी तस्कारों की संख्या लगातार बढ़ रही हे। एक तरफ शासन पर्यावरण को बढ़ावा देने करोड़ों खर्च कर कई तरह का अभियान चला पौधे लगा रही है, और दूसरी तरफ संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारियों के मिलीभगत के चलते पुर्ण विकसित हरे भरे पेड़ लकड़ी तस्करों के भेंट चढ़ रहे है और पर्यावरण को क्षति पहुंचाने में लगे हुए हैं। मामले में एसडीएम प्रतिमा ठाकरे ने कहा गुण्डरदेही वन विभाग को जांच कर कार्रवाई के लिए बोला जाएगा।

### कर्मचारी-अधिकारी ...

एवं जिले के समस्त कर्मचारी–अधिकारी तीन दिन का अवकाश लेकर कलम बंद काम बंद आंदोलन करेंगे। आंदोलन को सफल बनाने हेतु फेडरेशन से संबद्ध सभी संगठनों के जिलाध्यक्षों एवं संगठन सदस्यों से धरना–प्रदर्शन में अनिवार्य रूप से शामिल होने की अपील की गई है। इसी क्रम में जिला संयोजक लोकेश कुमार साहू, जिला महासचिव घनश्याम पूरी, पूर्व जिला संयोजक मधुकांत यदु, राजेश घोडेसवार, वीरेंद्र देशलहरे, चेतन यदु, परशु राम धनेंद्र, खिलानंद साहू, राधेश्याम साहू, राजेश उपाध्याय, अहमद रजा, डी एल सिन्हा, पूर्णानंद आर्य, गोविंद मानिकपुरी, महेंद्र साहू, रवि वर्मा, नेमसिंह ठाकुर, बीआर ठाकुर, रेखु साहू, आरएम चावड़ा, गजेंद्र पूरी गोस्वामी, संतोष देशमुख, राजेश देशमुख, विनोद जायसवाल, आरएस मांडवी, प्रमोद साहू एवं विभिन्न संगठनों के जिलाध्यक्षों द्वारा बालोद जिले के अंतर्गत समस्त विभागों में संपर्क अभियान चलाकर कर्मचारियों एवं अधिकारियों से प्रत्यक्ष संपर्क किया गया तथा 30 एवं 31 दिसंबर को धरना स्थल पर उपस्थित रहने का आह्वान किया गया। सभी कर्मचारियों द्वारा आंदोलन में सहभागिता सुनिश्चित करने का भरोसा दिया गया है।

### बिजली विभाग ने ...

की तेज रफ्तार पर चिंता जताई और हर शनिवार मुख्य मार्ग पर पुलिस बल की स्थायी तैनाती की मांग की। तहसीलदार ने थाना प्रभारी को मोटर व्हीकल एक्ट का सख्ती से पालन कराने और पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। व्यापारी संघ का समर्थनः नगर के व्यापारी संघ ने भी सड़क सुरक्षा को लेकर समर्थन जताया। उनका कहना है कि डिवाइडर और स्पीड ब्रेकर न बने तो हादसे लगातार होते रहेंगे। तेज रफ्तार ट्रकों पर नियंत्रण लगाकर नागरिकों की जान बचाने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि माइंस की ट्रकों की तेज रफ्तार के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें लोगों की जानें जा चुकी हैं। नगरवासियों का कहना है कि अगर तत्काल सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो बड़े हादसे को रोक पाना मुश्किल होगा।

### सड़क हादसे के...

साहू के दाहिने पैर के घुटना तथा एडी के पास चोट आया है। मारपीट झगडा होते देख मेरी मां भुनेश्वरी साहू, दीदी हर्षिता साहू तथा बडे पिता गिरधर साहू आये एवं बीच बचाव कर झगडा छुडवाये है।

## नगर पंचायत गुरूर में भवन निर्माण और स्काई लिफ्ट वाहन का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर प्रदीप कुमार साहू द्वारा वार्ड क्रमांक 02 देऊर मंदिर के पास भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। निकाय के वार्डो में विद्युत पोल में लाईटो के मरम्मत हेतु स्काई लिफ्ट वाहन का पूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, उपाध्यक्ष कुंती उर्फ इन्द्रावती सिन्हा, राकेश दीवान, चिदानंद साहू, भूपेश लोहरे, अनुसुईया धुरव, महिमा भूपेन्द्र साहू, चन्द्रलता साहू, कमलेश बाई ओझा, तृप्ति यादव, अनाराम यादव, गिरधर ठाकुर, बिन्दा यादव, जिते"वरी मोहन निशाद, मधु जगदल्ले, नारायण राम टेके, पार्शदगण एवं नागरिकगण, स्व सहायता समूह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपअभियंता, नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आईपीएस प्रखर पाण्डेय को दी श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को दुर्ग प्रवास के दौरान सेक्टर-9 स्थित वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी स्वर्गीय प्रखर पाण्डेय के निवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि प्रखर पांडेय एक अच्छे और ईमानदार पुलिस अधिकारी थी। उन्होंने प्रदेश के अलग-अलग जिलों में लंबे समय से तक सेवाएं दीं। उनके कामों को लेकर हमेशा उन्हें याद किया जाएगा।

### धान संग्रहण केंद्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**दुर्ग।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 102 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कुल 2,57,972 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। वर्तमान में जिले की 120 राइस मिलों का पंजीयन किया गया है, जिनके माध्यम से डिलीवरी ऑर्डर के जरिए धान का उठाव किया जा रहा है। समितियों से उपार्जित धान के सुरक्षित भंडारण हेतु जिले में धान संग्रहण केंद्रों की कार्ययोजना तैयार की गई है। शासन की योजना के अनुसार दुर्ग जिले के धान संग्रहण केंद्रों में अन्य जिलों से उपार्जित धान का भी भंडारण किया जाएगा। इसी क्रम में कलेक्टर सिंह द्वारा जिले के सभी प्रमुख धान संग्रहण केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोड़यिा, जेवरा-सिरसा, अरसनारा एवं सेलूद स्थित धान संग्रहण केंद्रों में पहुंचे।

### गूगल हैकाथॉन में छात्रों ने दिखाया नया मॉडल

**भिलाई।** शहरों में पार्किंग की समस्या को कम करने के लिए अब नई जगह तलाशने या महंगी बहुमंजिला पार्किंग बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लोगों के घरों के आसपास मौजूद खाली प्लॉट, खुले परिसर और उपयोग में न आ रही ज़मीन को ही पार्किंग में बदला जा सकेगा। वाहन खड़ा करने वाले लोग तय समय के अनुसार शुल्क देकर वहां पार्क कर सकेंगे। इसके लिए छात्रों ने एक विशेष वेबसाइट तैयार की है, जिसमें शहर के सभी खाली प्लाटों का विवरण मौजूद है। रविवार को रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित गूगल डेवलपर ग्रुप के सहयोग से कराए गए हैकाथान के दौरान छात्रों ने इसका डेमो दिया। छात्रों ने ऐसा मॉडल तैयार किया है, जिसमें शहर के अलग-अलग इलाकों में मौजूद खाली जगहों को चिन्हित कर उन्हें व्यवस्थित पार्किंग के रूप में जोड़ा जा सकता है। इससे बाजार, अस्पताल, कार्यालय और रिहायशी इलाकों के आसपास अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों पर रोक लग सकेगी। छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और भिलाई जैसे शहरों में वाहन संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग आम समस्या बन चुकी है।

## प्रवचन : सती चरित्र और शिव विवाह की कथा का किया वर्णन

# श्रद्धा, विश्वास और आचरण के बिना ईश्वर का दर्शन कदापि संभवन नहीं : आचार्य







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आमापारा बालोद में गुरुपंच परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन भागवत आचार्य निरंजन महाराज ने बाराह अवतार, सती चरित्र एवं शिव विवाह की कथा की विवेचना करते हुए कहा कि पार्वती श्रद्धा की प्रतीक है और भगवान शंकर विश्वास के प्रतीक है। तीन गुणों से युक्त व्यक्ति की श्रद्धा बदलती रहती है, कभी सात्विक, कभी राजसी, कभी तामसी। विश्वास अटल होता है।

बिना श्रद्धा और विश्वास के अपने भीतर ईश्वर का दर्शन संभव नहीं है। शिव विवाह की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि संसार में जीव का अस्तित्व कन्या की भांति है, जैसे कन्या अपनी नैहर से विदा होकर ससुराल जाती है और पति के बताएं अनुसार सभी रिश्तों नातों को मानती है किंतु पति को जानती है। वैसे ही जीव को कन्या की भांति इस संसार से विदा होकर परमात्मा शिव से मिलने जाना होगा। तभी जीव और शिव का मिलन संभव है।

कथा का विस्तार करते हुए कथा व्यास ने कहा कि व्यक्ति को अपने धन, पद प्रतिष्ठा, रूप, रंग, यौवन का कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए। दक्ष को पद का अभिमान था। भगवान शिव का अनादर करने पर दक्ष का नाश हुआ। सती ने उनके ही यज्ञ में अपने देह का त्याग कर पुनः पार्वती के रूप में हिमाचल के घर अवतार ले भगवान शंकर को प्राप्त किया। यजमान कुमार साहू, श्रीनिवास, कमल उपाध्याय, बीपी साहू, हीरा सिंह देशमुख, विजय ठाकुर, प्रमोद शर्मा, युधिष्ठिर शर्मा, नोहर शर्मा, नारायण सिंह ठाकुर, यूएस ठाकुर, पीएल देशमुख, ललित हरदेल अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

### दियाबाती नयापारा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन





**गुरूर।** ग्राम दियाबाती नयापारा में अन्नपूर्णा महिला समिति एवं ग्राम वासियों के सहयोग से शिव मंदिर के पास श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 22 दिसंबर से 30 दिसंबर तक किया जा रहा है, जिसके कथावाचक पंडित सौरभ शर्मा है। शर्मा जी ने कथा के आठवें दिवस सुदामा चरित्र, द्वारिका लीला भाव, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा की कथा बताई गई। जिसमें पंडित सौरभ शर्मा ने कथा बताते हुए कहा कि शुद्ध भाव से की गई परमात्मा की भक्ति सभी सिद्धियों को देने वाली है। जितना समय हम इस दुनिया को देते हैं, उसका पांच फीसद भी यदि भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लगाएं तो भगवान की कृपा निश्चित मिलेगी। हरी का भजन कल से नहीं आज से ही करो, बल्कि यह शुभ कार्य अभी से ही करो। भगवान की भक्ति को अपने जीवन में उतारो आपका कल्याण निश्चित होगा। सभी भगवान को मानते है, उनकी पूजा करते हैं। लेकिन आज लोग उनपर विश्वास नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि कृष्ण धाम यह संदेश देता है कि ईश्वर अपने अवतार कार्य पूर्ण होने पर संसार को धर्म करुणा और कर्तव्य का संदेश देकर अपने धाम लौट जाते हैं। कथा में परीक्षित मोक्ष की कथा विस्तार से बताते हुए कहा कि राजा परीक्षित ने 7 दिनों तक भगवान का स्मरण कर जीवन का सार समझा और अंत में मोक्ष प्राप्त किया यह कथा जीवन में सत्संग भक्ति और सदाचार के महत्व को बताता है। मंगलवार को गीता भार भाव, हवन पूर्णाहुति, कपिल तर्पण, सहस्त्र धारा स्नान कर समापन किया जाएगा।

## ग्राम देवरी में हुआ गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

- भव्य कलश यात्रा निकाली गई

ग्राम देवरी (क) में तीन दिवसीय श्रद्धा संवर्धन आत्म शांति, आत्म कल्याण पांच कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शीस पर कलश रखकर संकीर्तन कर मातृ शक्ति ने पवित्र जल लाए। दीप प्रज्वलन भूतपूर्व सैनिकों के कर कमल से संपन्न हुआ।यज्ञ का आध्यात्मिक एवं भौतिक पक्ष को कथावाचक ने विस्तार पूर्वक बताया। आरती के साथ प्रथम दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

द्वितीय दिवस वैदिक मंत्रें के साथ देव यज्ञ प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात पावन प्रज्ञा पुराण कथा सुनाया गया। कथा के माध्यम से उपासना साधना ,आराधना को चिंतन, चरित्र एवं व्यवहार में लाने से जीवन सफल बनता है बताया गया। मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं है इस तथ्य को उदाहरण सहित समझाया। संध्याकालीन बेला में दीपयज्ञ से वातावरण भक्तिमय हो गया। अंतिम दिवस यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार 4 मुंडन, 21 दीक्षा, 14 विद्यारंभ, 3 पुंसवन एवं एक अन्नप्राशन संस्कार निःशुल्क कराए गए। पुंसवन संस्कार के महत्व को बताते हुए कथावाचक ने कहा श्रेष्ठ आत्माओं को पैदा करने के लिए पुंसवन संस्कार आवश्यक है। यज्ञ पूर्णाहुति प्रदान कर सबके उज्ज्वल भविष्य, दिवंगतों की आत्मा को शांति एवं कल्याण की प्रार्थना की गई। स्मृति चिन्ह भेंट टोली विदाई एवं कार्यकर्ताओं को सम्मान किया गया। गांव के समस्त नागरिकों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था रखी गई, कलश यात्र में भूतपूर्व सैनिकों की उपस्थिति रही।

### कार्यक्रम में इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच नूजकुमारी देशमुख, विमल साहू, टेकराम, महेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, अशोक कुमार राज, भगवती ठाकुर, सुमन चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, रोहिणी साहू, नीता साहू, ललिता राज, हिंसाराम साहू, दुबे दास मानिकपुरी, गजेंद्र साहू, लहुरमन देशमुख, योगेश कुमार मंडावी, भूषण साहू, मिलन साहू, शेखर साहू शामिल है कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विगत 5 वर्षों में 45 से अधिक दिवंगत नागरिकों की आत्मा शांति एवं आत्म कल्याण कराना था।

## अंडी में अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- वाजपेई जी के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना व माल्यार्पण

ग्राम पंचायत अंडी में 25 दिसंबर को अटल चौक में भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अटल चौक में स्थापित वाजपेई जी के तैलचित्र पर विधिवत पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच संतोष कुमार जैन, पंच सेवंत मानिकपुरी सहित ग्रामवासी रती राम, नामदेव साहू, बसंत मानिकपुरी, रोहित कुमार अटल, दीपक कुमार तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने वाजपेई जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सरपंच संतोष कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में अटल बिहारी वाजपेई जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक आदर्श प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने अपने कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और सादगीपूर्ण जीवन से देश को विकास की नई दिशा दी। उन्होंने सुशासन, राष्ट्रीय एकता, सड़क एवं आधारभूत संरचना के विकास के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

सरपंच ने आगे कहा कि अटल जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सशक्त, समृद्ध और सुशासित भारत का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों ने सुशासन दिवस के महत्व को समझते हुए समाज एवं राष्ट्रहित में ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया।

## हरि संकीर्तन से मिल रही आत्मिक शांति, ग्राम गैजी में दो वर्षों से जारी प्रातःकालीन गली भ्रमण



**डौंडीलोहारा।** हरि संकीर्तन से मन को शांति के साथ-साथ आत्मिक संतोष की अनुभूति होती है। यही कारण है कि ग्राम गैजी में पिछले दो वर्षों से हरि कीर्तन मंडली द्वारा प्रतिदिन प्रातःकालीन गली भ्रमण कर पूरे गांव को भक्ति के रंग में रंगा जा रहा है। हरि कीर्तन मंडली ढोल, मंजीरा जैसे वाद्य यंत्रों के साथ शंखनाद करते हुए भजन-कीर्तन के माध्यम से गांव की प्रत्येक गली का भ्रमण किया जाता है। इस अवसर पर भक्ति और संगीत का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है, जिससे ग्रामीणों का दिन आध्यात्मिक वातावरण में प्रारंभ होता है। मंडली से जुड़े रमन धनेन्द्र ने बताया कि हरि कीर्तन से मन को शांति मिलती है और इसके माध्यम से लोगों में जागरूकता के साथ-साथ आध्यात्मिक चेतना का विकास हो रहा है। साथ ही परमात्मा के प्रति विश्वास एवं आस्था भी निरंतर बढ़ रही है। हरि कीर्तन मंडली द्वारा नियमित रूप से शिव मंदिर, हनुमान मंदिर एवं कृष्ण मंदिर में आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाता है, जिससे धार्मिक वातावरण और अधिक सुदृढ़ हो रहा है। इस हरि कीर्तन में नेमसिंग चंद्राकर, बंशी चुरेन्द्र, चंदू यादव, मुरारी भुआर्य, नंद यादव, धनराज भुआर्य, इंद्र कुमार देशमुख, ओम कुमार ठाकुर, तिलक यामले, शिवा चुरेन्द्र, डोमन कोसमा, छेका भुआर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण नियमित रूप से शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### जू-जित्सु में जिले को 4 ब्रांज एसएसपी ने किया सम्मानित

**भिलाई।** उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर में 5 दिवसीय जू-जित्सु नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल छत्तीसगढ़ से 90 प्रतिभागी ने भाग लिया था। जिसमें दुर्ग शहर से सात बच्चों ने जू-जित्सु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में भाग लेकर चार ब्रांच मेडल 1 सिल्वर मैडम प्राप्त किए जिसमें काव्या विश्वकर्मा अंडर 16 वेट कैटेगरी फाइटिंग सिस्टम में ब्रॉन्ज मेडल एवं नेवाजा में कड़ी टक्कर के साथ फाइनल में कुछ कम अंक से हार कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

### त्रि दिवसीय राज्य स्तरीय भव्य स्वर मानसगान सम्मेलन 9 जनवरी से

**अंडा।** ग्राम गुरेदा में शुभम लाभम मानस प्रचार समिति और समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में त्रि दिवसीय राज्य स्तरीय भव्य स्वर मानसगान सम्मेलन दिनांक 9 से 11 जनवरी 2026 को आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य स्तर के विभिन्न जिलों से अनेक ख्यातिलब्ध मानस मंडलियों की प्रस्तुति शुभम लाभम मानस मंच गुरेदा में होगी। साथ ही दिनांक 06 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को ग्राम गुरेदा में बड़े हर्षोल्लास के साथ ग्राम मंडाई का आयोजन होगा, जिसमें रात्रिकालीन मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ी राधा कृष्ण लोक सांस्कृतिक नाच पार्टी दुर्रे बंजारी छुरिया जिला राजनांदगांव की मनमोहक प्रस्तुति भी होगी। उक्त जानकारी सिया के राम मानस परिवार गुरेदा के मानस विद्यार्थी लेखराम कुम्भकार (अधिवक्ता) ने प्रदान की।

## पुण्यतिथि पर आयोजित किया श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ और विशाल नेत्र शिविर



**कुसुमकसा।** पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने अपने पिता की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके स्मृति में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया। यज्ञ के समापन दिवस पर बैस परिवार द्वारा विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन भी किया गया। नेत्र शिविर में हुआ व्यापक नेत्र परीक्षण इस नेत्र जांच शिविर में कुल 695 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। जांच के दौरानः 270 लोगों को चश्मा वितरित किया गया। 168 लोगों को ऑपरेशन के लिए डॉक्टरों द्वारा चिन्हांकित किया गया। सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयां निशुल्क प्रदान की गई। ऑपरेशन के लिए रायपुर में विशेष व्यवस्था संजय बैस ने बताया कि चिन्हांकित 168 लोगों का ऑपरेशन दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में 60 लोग और अंतिम चरण में 48 लोग रायपुर ले जाया जाएगा। इस दौरान सभी को परिचय पत्र पहनाया गया और अस्पताल आने-जाने का खर्चा एवं भोजन की व्यवस्था बैस परिवार द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। नेत्र शिविर का आयोजन गणेश विनायक अस्पताल रायपुर के सहयोग से किया गया। ऑपरेशन के लिए जाने वाले दल को संजय बैस की माता कमला बैस ने हरी झंडी दिखाकर सफल ऑपरेशन की कामना करते हुए विदा किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बैस परिवार ने न केवल अपने पिता की स्मृति को सम्मानित किया, बल्कि समाज के लिए स्वास्थ्य और सेवा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

## कार्क बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन, प्रिंस इलेवन भंवरमरा बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- महादेव इलेवन डौंडीलोहारा को 69 रनों से हराकर खिताब किया अपने नाम



स्थानीय लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में आयोजित 5 दिवसीय कार्क बाल क्रिकेट महासंग्राम का भव्य फाइनल शनिवार को खेला गया। प्रेस रिपोर्टर क्लब बालोद एवं महादेव इलेवन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में प्रिंस इलेवन भंवरमरा और महादेव इलेवन डौंडीलोहारा आमने-सामने रहे।

फाइनल मैच में प्रिंस इलेवन भंवरमरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 10 ओवर में 98 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महादेव इलेवन की टीम मात्र 29 रनों पर सिमट गई। इस तरह प्रिंस इलेवन भंवरमरा ने 69 रनों से शानदार जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। भंवरमरा के खिलाड़ी गुलशन ने बेहतरीन गेंदबाजी और बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए "मैन ऑफ द सीरीज" का पुरस्कार प्राप्त किया। फाइनल मैच को यादगार बनाने के लिए प्रेस रिपोर्टर क्लब बालोद द्वारा मुख्य अतिथियों का काली मंदिर, पुराना बस स्टैंड से धुमाल और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हलधर साहू रहे। अध्यक्षता समाजसेवी विपिन जैन (गोल्डी), दल्ली राजहरा ने की। विशिष्ट अतिथियों में सतलाल गुर्जर (रायपुर), विजय क्षत्रिय, अनिता ऊके, कवि अशोक आकाश, संजय सोनी, लोकेश्वरी गोपी साहू, राजेन्द्र निषाद, हुलसा साहू, आशा श्रीवास्तव, राजाराम निषाद सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। संध्या काल में जगमगाती रोशनी के बीच खेले गए फाइनल मैच ने खेल प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया। दूरस्थ आदिवासी अंचल भंवरमरा की टीम की जीत पर उनके समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि हलधर साहू ने कहा कि छोटे नगर में इस प्रकार का बड़ा आयोजन ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ाने का सराहनीय प्रयास है। खेल से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ अच्छे विचारों का विकास होता है। कार्यक्रम के दौरान आगामी कबड्डी आयोजन की घोषणा भी की गई, जिसमें राजाराम निषाद ने 3 लाख रुपये, पार्षद राजेन्द्र निषाद ने 1 लाख रुपये तथा प्रदेश अध्यक्ष संजय सोनी ने ट्रॉफी, मेडल एवं ट्रैकसूट के लिए 1 लाख रुपये देने की घोषणा की। भविष्य में अनिला भेड़िया फ्रेंड्स क्लब, महादेव इलेवन एवं प्रेस रिपोर्टर क्लब बालोद के संयुक्त तत्वावधान में ऑल इंडिया राष्ट्रीय कबड्डी एवं रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन मोहन निषाद ने किया।

## निपानी में मानस महोत्सव का शुभारंभ बच्चों को संस्कार और संस्कृति से जोड़ा



**जामगांव आर।** निपानी में चार दिवसीय मानस महोत्सव शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू ने कहा की आधुनिकता के दौर में मोबाइल की लत से युवा और बच्चे संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं।

छोटी–छोटी बात पर माता–पिता से झगड़ना, जिद में घर छोड़ने जैसी बुराइयां पनप रही हैं। ऐसे समय मे मानस महोत्सव बच्चों को संस्कार के सांथ सनातन संस्कृति से जोड़ने, अपनी परंपरा से अवगत कराने का अच्छा माध्यम है। कल्पना साहू ने कहा की रामायण प्रतियोगिता के जरिए बच्चों में संस्कार के बीज डाल रहे हैं, ताकि आगे चलकर वह संस्कारवान बन सकें। साहू ने आने वाली पीढ़ी को रामायण के प्रसंगों के माध्यम से संस्कारवान बनाने का संकल्प लिया था। इसके लिए वह जनवरी में रामायण पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं। इसमें बच्चों से रामायण से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं। मानस महोत्सव मे उपस्थित सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू के साथ अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन नारद साहू, अध्यक्ष मानस संघ दुर्ग मेहत्तरराम वर्मा, सभापति जनपद पंचायत पाटन रवि सिन्हा, उमाशंकर शुक्ला, टेकेन्द्र सिन्हा, संतोष रघुवंशी, अभिषेक सेन मंचासिन थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

